केन्द्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग
द्वितीय पूर्व परिषदीय परीक्षा **2022-23**
विषय – हिंदी (आधार)
विषय कोड – **302**
कक्षा –**12** वीं

निर्धारित समय – **3** घंटे अधिकतम अंक – **80**

सामान्य और आवश्यक निदेश –

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – खंड'अ' और खंड 'ब' । कुल प्रश्न 13 हैं ।
2. खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
3. खंड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

खड'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्याश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- **(1x 10=10)**

जिस समय लोकमान्य तिलक ने राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा, उस समय पूरा देश 'चैतन्यहीन' और 'स्वत्वहीन' हो चुका था। देश के करोड़ों निवासी जंगल के सूखे पत्तों की तरह अस्त-व्यस्त थे। उनमें जीवन नहीं था, एकता नहीं थी, उनका आत्मविश्वास मर चुका था। उनके मन में यह भरा जा चुका था कि अंग्रेज़ी साम्राज्य इस देश पर सदा शासन करने वाला है। इस परिस्थिति को बदलने की आवश्यकता तिलक ने महसूस की। उन्होंने उन्हीं असंगठित पत्तों जैसे लोगों को इकट्ठा किया और उनमें राष्ट्रीय स्वातंत्र्य के लिए संकल्प जगाया। देश का बहुसंख्यक समाज परलोक को अधिक महत्त्व देता था और इस लोक के प्रति उदासीन था। इस दृष्टि को बदलकर उन्हें जीवनोन्मुख बनाया। इस कार्य के लिए उन्होंने भगवद्गीता को नया अर्थ दिया और कर्मयोग के सिद्धांत को लोगों के सामने रखा, जो राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कार्य में बड़ा ही महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। तब हालत कुछ ऐसे थे कि अपने समाज के दोष दिखाने और पाश्चात्य समाज, जीवन, विचार और कृतित्व का गुणगान करने में ही हमारे पढ़े-लिखे विचारक गौरव महसूस करते थे। भारत के बहुसंख्यक समाज की धर्म-प्रणाली, रीति-रिवाज़, समाज-व्यवस्था सभी उनकी दृष्टि में हेय थी। तिलक ने इस बात को समझा और अपने समाज, धर्म और इतिहास के प्रति लोगों का स्वाभिमान जगाया। इसी के साथ उन्होंने समाज के विभिन्न गुटों के मध्य उत्पन्न हुए विरोधों को दूर कर राष्ट्रीयता की भावना को पैदा किया और राष्ट्रीयता की भावना से ही पूर्ण स्वराज्य की मांग का उदय हुआ, जिसका प्रेरक वाक्य था-'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है ।'

**(i)** गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा-
(क) तिलक का जीवन परिचय
(ख) स्वतंत्रता आंदोलन में तिलक का योगदान
(ग) विकल्प (क) और (ख)
(घ) इनमें से कोई नहीं

**(ii)** तिलक की राष्ट्रीयता की भावना किस रूप में प्रतिफलित हुई**?**
(क) स्वराज्य की मांग के
(ख) पाकिस्तान की मांग के
(ग) इंग्लैंड की मांग के
(घ) उपरोक्त सभी

**(iii)** 'चैतन्यहीन' से क्या तात्पर्य है**?**
(क) आत्मविश्वास परिपूर्ण
(ख) चेतना विहीन
(ग) विकल्प (क) और (ख)
(घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv)** भारतीयों की तुलना किससे की है**?**
(क) गीले पत्ते

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) सूखे पत्ते<br>(ग) मिट्टी<br>(घ) पेड़<br>**(v)** भारतीय पढ़े-लिखे विचारकों की दृष्टि में हेय क्या हेय था**?**<br>(क) भारतीय रीति-रिवाज़<br>(ख) भारतीय समाज-व्यवस्था<br>(ग) भारतीय धर्म-प्रणाली<br>(घ) उपरोक्त सभी<br>**(vi)** तिलक ने लोगों में कैसा स्वाभिमान जाग्रत किया**?**<br>(क) राष्ट्रीय<br>(ख) अंतर्राष्ट्रीय<br>(ग) विकल्प (क) और (ख)<br>(घ) इनमें से कोई नहीं<br>**(vii)** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**-**<br>**(I)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा के लिए शासन करने वाले हैं।<br>**(II)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा के लिए शासन नहीं करने वाले हैं।<br>**(III)** देशवासियों के मन में यह बस चुका था कि अंग्रेज़ सदा से भारतीयों की मदद करते आए हैं।<br>उपरिलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?<br>(क) केवल II<br>(ख) केवल III<br>(ग) केवल I<br>(घ) I और III<br>**(viii)** राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कार्य में क्या महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ **?**<br>(क) जीवनोन्मुख दृष्टि<br>(ख) कर्मयोग के सिद्धांत<br>(ग) विकल्प (क) और (ख)<br>(घ) इनमें से कोई नहीं<br>**(ix)** तिलक का प्रेरक वाक्य क्या था**?**<br>(क) बेड़ियों में रहना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है<br>(ख) स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है<br>(ग) स्वराज की मांग हमारा जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है<br>(घ) स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है<br>**(x)** निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए**-**<br>कथन **(A):** सामाजिक सौहार्द्र के लिए विभिन्न गुटों में बंटे भारतीय समाज के अन्तर्विरोधों को दूर किया।<br>कारण **(R):** जिससे पूर्ण स्वराज की मांग का उदय हुआ।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं<br>(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है<br>(घ) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है | |
| प्रश्न **2.** | निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए**-**<br>मन-दीपक निष्कंप जलो रे **!**<br>सागर की उत्ताल तरंगें,<br>आसमान को छू-छू जाएं<br>डोल उठे डगमग भूमंडल<br>अग्निमुखी ज्वाला बरसाए<br>धूमकेतु बिजली की द्युति से,<br>धरती का अंतर हिल जाए<br>फिर भी तुम जहरीले फन को<br>कालजयी बन उसे दलो रे **!** | **(1x5=5)** |

कदम-कदम पर पत्थर, कांटे
पैरों को छलनी कर जाएं।
श्रांत-क्लांत करने को आतुर
क्षण-क्षण में जग की बाधाएं
मरण गीत आकर गा जाएं
दिवस-रात, आपद-विपदाएं
फिर भी तुम हिमपात तपन में
बिना आह चुपचाप जलो रे !

**(i)**कवि ने बाधाओं को दूर करने हेतु क्या बनने को कहा है **?**
(क) देवता
(ख) कालजयी
(ग) दीपक
(घ) जहरीला नाग

**(ii)** बाधाओं को किसकी उपमा दी है **?**
(क) पत्थर और कांटे की
(ख) फूल और कलियों की
(ग) दीपक और बाती की
(घ) जीवन और मृत्यु की

**(iii)** कवि मानव मन को क्या करने को कहता है **?**
(क) प्रतिशोध लेने को
(ख) यादों के भंवर में न भटकने को
(ग) निडर रहने को
(घ) धर्मयुद्ध करने को

**(iv)** कवि ने कविता में किसे संबोधित किया है **?**
(क) दीपरूपी मन
(ख) कमलरूपी मन
(ग) सूर्यरूपी मन
(घ) फनरूपी मन

**(v)** 'क्षण-क्षण, छू-छू, कदम-कदम' में कौन-सा अलंकार है**?**
(क) उपमा
(ख) मानवीकरण
(ग) पुनरुक्ति प्रकाश
(घ) अन्योक्ति

अथवा

प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ,
सात साल की बच्ची का पिता भी तो है।
सामने गियर के ऊपर
हुक से लटका रखी हैं
काँच की चार गुलाबी चूड़ियां
बस की रफ़्तार के मुताबिक
हिलती रहती हैं।
झुक कर मैंने पूछ लिया
खा गया मानो झटका
अधेड़ उम्र का मुच्छड़ रोबीला चेहरा।
आहिस्ते से बोला हां साहब
लाख कहता हूं नहीं मानती है मुनिया।
टांगे हुए हैं कई दिनों से
अपनी अमानत
यहां अब्बा की नज़रों के सामने
मैं भी सोचता हूँ
क्या बिगाड़ती हैं चूड़ियां
किस जुर्म पे हटा दूँ इनको यहां से

**(i)** प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने किसकी चर्चा की है**?**
(क) बस ड्राइवर की
(ख) एक पिता की

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) (क) और (ख) दोनों<br>(घ) समाज के स्वरूप की<br>**(ii)** कवि ने ड्राइवर से क्या प्रश्न किया?<br>(क) मुनिया कौन है<br>(ख) चूड़ियां किसने लटकाई हैं<br>(ग) बस कहां जाएगी<br>(घ) बस में टिकट कहां मिलेगा<br>**(iii)** पद्यांश में बस ड्राइवर का कैसा चित्र उभरकर आता है?<br>(1) अत्यंत भावुक एवं संवेदनशील पिता का<br>(2) अत्यंत क्रूर एवं लालची व्यक्ति का<br>(3) अत्यंत कठोर एवं अमानवीयता का<br>(4) उपरोक्त में से कोई नहीं<br>**(iv)** ड्राइवर चूड़ियों को बस में से क्यों नहीं हटाता?<br>(1) क्योंकि चूड़ियां उसे अच्छी लगती हैं<br>(2) क्योंकि चूड़ियों ने उसका कुछ नहीं बिगाड़ा है<br>(3) क्योंकि चूड़ियां उसे घर की याद दिलाती हैं<br>(4) क्योंकि चूड़ियां उसका ध्यान भंग करती हैं<br>**(v)** कवि ने ड्राइवर से किस विषय में पूछा?<br>(क) मुनिया के विषय में<br>(ख) पिता की संवेदनशीलता के विषय में<br>(ग) बस के निजीकरण के विषय में<br>(घ) चूड़ियों के विषय में | |
| प्रश्न **3.** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-<br>**(i)** अल्प समय के लिए मानदेय प्राप्त करके पत्रकारिता करने वाले पत्रकार क्या कहलाते हैं ?<br>(क) अंशकालिक<br>(ख) वॉचडॉग<br>(ग) बीट<br>(घ) संपादक<br>**(ii)** निम्न में से प्रिंट मीडिया का माध्यम है-<br>(क) टेलीविज़न<br>(ख) रेडियो<br>(ग) सिनेमा<br>(घ) समाचार-पत्र<br>**(iii)** ऑल इंडिया रेडियो वर्तमान में किस संस्था के अंतर्गत है ?<br>(क) प्रसार भारती<br>(ख) भारतीय टेलीकॉम<br>(ग) डी. डी. नेशनल<br>(घ) ये सभी<br>**(iv)** विशेष लेखन के लिए किस प्रकार की भाषा- शैली अपेक्षित है ?<br>(क) साहित्यिक भाषा<br>(ख) सहज, सरल तथा बोधगम्य भाषा<br>(ग) संस्कृतनिष्ठ व परिष्कृत भाषा<br>(घ) हिंदी- उर्दू मिश्रित भाषा<br>**(v)** रेडियो नाटक में किसका महत्व सर्वाधिक होता है ?<br>(क) मंच सज्जा का<br>(ख) वस्त्र सज्जा का<br>(ग) अभिव्यक्ति का<br>(घ) ध्वनि प्रभाव का | **(1x5=5)** |
| प्रश्न **4.** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-<br>प्रभु प्रलाप सुनि कान बिकल भए बानर निकर<br>आइ गयउ हनुमान जिमि करुना मँह बीर रस ॥<br>हरषि राम भेंटेउ हनुमाना । अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना ॥ | **(1x5=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | तुरत बैद तब कीन्हि उपाई । उठि बैठे लछिमन हरषाई ॥<br>हृदयँ लाइ प्रभु भेंटेउ भ्राता । हरषे सकल भालु कपि ब्राता ॥<br>कपि पुनि बैद तहां पहुँचावा । जेहि बिधि तबहिं ताहि लै आवा॥<br>यह वृत्तांत दसानन सुनेऊ ।अति बिषाद पुनि पुनि सिर धुनेऊ ॥<br>ब्याकुल कुंभकरन पहिं आवा । बिबिध जतन करि ताहि जगावा ॥<br>जागा निसिचर देखिअ कैसा । मानहुँ कालु देह धरि बैसा ॥<br>**(i)** प्रस्तुत सोरठा में मुख्य रूप से किसका वर्णन किया गया है**?**<br>(1) हनुमान की बहादुरी और कर्मठता<br>(2) हनुमान की बहादुरी व रावण की हताशा<br>(3) कुंभकर्ण के लंका जाने का<br>(4) रावण के अनेक वीरों से दुश्मनी का<br>**(ii)** हनुमान जब संजीवनी बूटी लेकर आए तो कवि ने करुण रस में किस रस के समावेश की कल्पना की है**?**<br>(1) शांत रस<br>(2) वीर रस<br>(3) हास्य रस<br>(4) रौद्र रस<br>**(iii)** लक्ष्मण का उपचार किसने किया **?**<br>(1) हनुमान<br>(2) जामवंत भालू<br>(3) वानर समूह<br>(4) सुषेण वैद्य<br>**(iv)** कौन-सा वृत्तांत सुनकर रावण अपना सिर धुनने लगा**?**<br>(1) लक्ष्मण के जीवित होने का वृत्तांत<br>(2) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने का वृत्तांत<br>(3) हनुमान के संजीवनी लाने का वृत्तांत<br>(4) हनुमान से भरत के मुलाकात का वृत्तांत<br>**(v)** "जागा निसिचर देखिअ कैसा । मानहुँ कालु देह धरि बैसा" रेखांकित शब्द में कौन-सा अलंकार है**?**<br>(1) अनुप्रास<br>(2) रूपक<br>(3) उत्प्रेक्षा<br>(4) उपमा<br>अथवा<br>जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास<br>पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास<br>जब वे दौड़ते हैं बेसुध<br>छतों को भी नरम बनाते हुए<br>दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए<br>जब वे पेंग भरते हुए चलते आते हैं<br>डाल की तरह लचीले वेग से अकसर<br>अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से<br>और बच जाते हैं तब तो<br>और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं<br>पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है<br>उनके बेचैन पैरों के पास ।<br>**(i)** पृथ्वी किनके बेचैन पैरों के पास घूमती हुई आती है**?**<br>(1) खरगोश के<br>(2) तितलियों के<br>(3) किनारों के<br>(4) बच्चों के<br>**(ii)** पतंग उड़ाने वाले बच्चे दिशाओं को किसके समान बजाते हैं**?**<br>(1) ढोल के समान<br>(2) बांसुरी के समान<br>(3) मृदंग के समान | |

(4) वीणा के समान

**(iii)** काव्यांश में कपास किसका प्रतीक है**?**

(1) शांति का
(2) कोमलता का
(3) क्षणभंगुरता का
(4) प्रकाश का

**(iv)** पतंग उड़ाते हुए बच्चे किसके सहारे उड़ते-से दिखाई देते हैं**?**

(1) पंखों के सहारे
(2) कल्पना के सहारे
(3) धागे के सहारे
(4) रंध्रों के सहारे

**(v)** कवि को बच्चों का दौड़ना किसकी तरह प्रतीत होता है**?**

(1) पतंग की तरह
(2) खरगोश की तरह
(3) झूले की पेंग की तरह
(4) सर्कस के बंदर की तरह

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- **(1x5=5)**

प्रश्न **5.**

रात्रि की विभीषिका को सिर्फ़ पहलवान की ढोलक ही ललकार कर चुनौती देती रहती थी । पहलवान संध्या से सुबह तक, चाहे जिस ख्याल से ढोलक बजाता हो, किंतु गाँव के अर्द्धमृत, औषधि- उपचार पथ्य- विहीन, प्राणियों में यह संजीवनी शक्ति ही भरती थी। बूढ़े, बच्चे, जवानों की शक्तिहीन आँखों के आगे दंगल का दृश्य नाचने लगता था। स्पंदन- शक्ति- शून्य स्नायुओं में भी बिजली दौड़ जाती थी। अवश्य ही ढोलक की आवाज़ में न तो बुखार हटाने का कोई गुण था और न महामारी की सर्वनाश शक्ति को रोकने की शक्ति हो, पर इसमें संदेह नहीं कि मरते हुए प्राणियों को आंख मूंदते समय कोई तकलीफ़ नहीं होती थी, मृत्यु से वे डरते नहीं थे ।

**(i)** पहलवान की ढोलक में किस बीमारी को रोकने की शक्ति थी**?**

(1) बुखार को
(2) महामारी को
(3) तपेदिक को
(4) इनमें से कोई नहीं

**(ii)** गाँववासियों में संजीवनी शक्ति भरने का काम किसने किया**?**

(1) राजा ने
(2) पहलवान ने
(3) पहलवान की ढोलक ने
(4) वैद्य जनों ने

**(iii)** गाँव के बच्चे, बूढ़े, जवानों को पहलवान की ढोलक की आवाज़ सुनते ही क्या याद आ जाता था**?**

(1) दंगल का दृश्य
(2) मृत्यु का भय
(3) राजा की दयालुता
(4) रात्रि का अंधकार

**(iv)** ढोलक की आवाज़ को सुनकर बिना किसी तकलीफ के अपने प्राण कौन त्याग देता था**?** **(1x10=10)**

(1) लुट्टन सिंह
(2) चाँद सिंह
(3) मरते हुए प्राणी
(4) स्वस्थ व्यक्ति

प्रश्न **6.**

**(v)** गाँव के लोगों की कैसी स्थिति थी**?**

(1) अर्द्धमृत
(2) औषधि उपचार पथ्य विहीन
(3) (क) और (ख) दोनों
(4) संतोषजन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन करके लिखिए

**(i)** 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के अनुसार पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण के कारण क्या समाप्त होता जा रहा है?

(1) मानवीय मूल्य (ग) अपनों के प्रति आत्मीयता

(ख) बड़े बुज़ुर्गों के प्रति सम्मान भाव (घ) उपरोक्त सभी

**(ii)** कथन- यशोधर बाबू ने दफ्तर की घड़ी को सुस्त ठहराया ।

कारण- **A-** वे अपनी घड़ी रोजाना सुबह शाम रेडियो समाचारों से मिलाते हैं ।

**R-** वे समय के पाबंद हैं ।

(1) A और R दोनों सही हैं , R , A की सही व्याख्या करता है

(2) A और R दोनों सही हैं , R , A की सही व्याख्या नहीं करता है

(3) A सत्य है पर R असत्य है

(4) A असत्य है पर R सत्य है

**(iii)** यशोधर बाबू के व्यक्तित्व निर्माण में किशन दा ने कैसे योगदान दिया?

(1) अपने अनुभवों का वर्णन करके

(2) रूढ़िवादी विचारों को अपनाकर

(3) नौकरी लगाने के साथ जीवन के विभिन्न प्रसंगों पर दिशा- निर्देश देकर

(4) जीवन के केवल सुखद समय में साथ देकर

**(iv)** सिंधु घाटी सभ्यता साधन संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था। ऐसा क्यों कहा गया ?

(1) वहां भव्य राजप्रासाद और मंदिर नहीं मिले हैं

(2) यहां राजाओं, महंतों की समाधियां नहीं मिली हैं

(3) वहां का मूर्तिशिल्प और औज़ार छोटे हैं

(4) उपर्युक्त सभी

**(v)** 'जो हुआ होगा' से कहानीकार का तात्पर्य है –

(1) किशन दा की मृत्यु से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता

(2) किसी को किशन दा की मृत्यु का कारण नहीं पता

(3) किशन दा की मृत्यु का कारण उनका बुढ़ापा सुखी न रहना था

(4) उपर्युक्त सभी

**(vi)** 'जूझ' कहानी के माध्यम से किसके संघर्ष को अभिव्यक्ति प्रदान की गई है?

(1) खेतिहर मजदूर के

(2) गरीब माँ के

(3) आनंदा के जीवन के

(4) पिता के

**(vii)** .निम्नलिखित कथनों में से सही कथन है-

(1) सिंधु घाटी सभ्यता का केंद्र राजस्थान है (ग) सिंधु घाटी सभ्यता का केंद्र महाराष्ट्र है

(2) सिंधु घाटी सभ्यता का केंद्र मुअनजोदड़ो है (घ) सिंधु घाटी सभ्यता का केंद्र गुजरात है

**(viii)** "आने दे अब उसे, मैं उसे सुनाता हूँ कि नहीं, अच्छी तरह देख ।" यह कथन किसने व किससे कहा, 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए । **(6x1=6)**

(1) दत्ता राव ने लेखक के पिता से

(2) दत्ता राव ने लेखक की माता से

प्रश्न 7. (3) लेखक के पिता ने उसकी माता से

(4) लेखक के पिता ने लेखक से **(3x2=6)**

**(ix)** महाकुंड की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है-

(क) इसका विशाल आकार और तीन तरफ़ बने साधुओं के कक्ष

(ख) कुंड के नीचे उतरती सीढ़ियां

(ग) पक्की ईंटों का प्रयोग **(4x2=8)**

प्रश्न 8. (घ) उपरोक्त सभी

**(x)** राखालदास बनर्जी मुअनजो-दड़ो कब आए थे?

(क) सन् 1915 में (ख) सन् 1920 में (ग) सन् 1922 में (घ) सन् 1925 में **(3x2=6)**

## <u>खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)</u>

प्रश्न 9. दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-

| | | |
|---|---|---|
| | (1) सावन की पहली झड़ी<br>(2) मेरी खिड़की से दिखता नज़ारा<br>(3) जब मैंने पहली बार साइकिल चलाई<br>(4) मेरे शहर का चौराहा | **(2x2=4)** |
| प्रश्न<br>**10.** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए-<br>(1) पारंपरिक और अप्रत्याशित विषयों में क्या अंतर है ?<br>(2) नाटक में अभिनय और संवाद योजना के महत्व को रेखांकित कीजिए ।<br>(3) रेडियो नाटक से आप क्या समझते हैं ? | **(3x2=6)** |
| प्रश्न<br>**11.** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **80** शब्दों में लिखिए-<br>(1) समाचार किसे कहते हैं ? समाचार के सभी छः ककारों पर प्रकाश डालिए ?<br>(2) उल्टा पिरामिड शैली से आप क्या समझते हैं?<br>(3) फ़ीचर किसे कहते हैं ? | **(2x2=4)** |
| प्रश्न<br>**12.** | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए-<br>(1) ‘बादल राग’ कविता में कवि ने अट्टालिका को आतंक भवन क्यों कहा है ?<br>(2) ‘कैमरे में बंद अपाहिज’ करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है- विचार कीजिए ।<br>(3) ‘छोटा मेरा खेत’ कविता के आधार पर कविकर्म और कृषिकर्म में कौन-सा कर्म श्रेष्ठ है ? क्यों ? | |
| प्रश्न<br>**13.** | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए-<br>(1) कविता और फूल दोनों खिलते हैं, किंतु कविता और फूल के खिलने में क्या अंतर होता है ?<br>(2) शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहता है ?<br>(3) ‘उषा’ कविता में ‘भोर के नभ’ की तुलना किस-किस से की गई है ? | |
| | गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए-<br>(1) जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे आंबेडकर के क्या तर्क हैं ?<br>(2) जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ? ‘काले मेघा पानी दे’ संस्मरण के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।<br>(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने शिरीष के संदर्भ में महात्मा गांधी का स्मरण क्यों किया है? | |
| | गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए-<br>(1) बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता हैं?<br>(2) ‘दासता’ से क्या तात्पर्य है?<br>(3) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गईं? | |